# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 3149 /अकादमी/2018 भोपाल, दिनांक 17-10-18

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध (शासकीय) महाविद्यालय
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषय :विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित प्राचार्य एवं शिक्षकों की जानकारी प्रेषित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा अतिआवश्यक अकादमिक कार्यो हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में नियुक्त नियमित प्राचार्य एवं शिक्षकों, (प्राध्यापक, प्रवाचक, सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता) की संवर्गानुसार वरिष्ठता सूची पूर्व में भी चाही गई थी किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों से वह आज दिनांक प्राप्त नहीं हो सकी है।

अतः अनुरोध है, कि निर्धारित प्रपत्र (सलंग्न) में दिनांक 01.10.2018 की स्थिति में/अद्यतन कार्यरत प्राचार्य, प्राध्यापक, प्रवाचक, सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता की वरिष्ठता सूची दिनांक 25.10. 2018 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में टंकित प्रति जमा कराने का कष्ट करें, यह भी स्पष्ट करें कि सूची में उल्लेखित व्यक्तियों को कभी दंडित नहीं किया गया है तथा उनके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण आदि लंबित नहीं है।

निर्धारित तिथि में चाही गई जानकारी अनिवार्यतः प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे कार्यवाधित न हो। समय पर जानकारी प्राप्त न होने की स्थिति में उच्च स्तर पर अवगत करा दिया जावेगा जिसकी संपूर्ण जबाबदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

भवदीय

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 3150 /अकादमी /2018 भोपाल, दिनांक 17-10-18

प्रतिलिपिः-

1. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुडा भवन भोपाल, की ओर इस निवेदन के साथ सूचनार्थ कि सर्व संबंधितों को निर्देशित करना चाहें।
2. क्षैत्रीय अतिरिक्त संचालक भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग,एम.एल.बी.कालेज परिसर, भोपाल को इस निवेदन के साथ सूचनार्थ प्रेषित कि वह संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्यो को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।
3. कुलपति के निज सचिव के माध्यम से कुलपतिजी को सूचनार्थ ।
4. संबंधित नस्ती ।

प्र.सहायक-कुलसचिव (अकादमी)

# प्रपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | | दूरभाष एवं फेक्स नम्बर | |
| पता | | इ–मेल पता | |
| कोड क्र | | बेबसाईट पता | |

## महाविद्यालय के नियमित प्राचार्य, प्राध्यापक, प्रवाचक, सहायक प्राध्यापक की जानकारी

| स.क्र. | नाम | पद | विषय | जन्म दिनांक | प्रथम नियुक्ति दिनांक | वर्तमान पद पर पदोन्नति दिनांक | महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक | मोबाईल नं. | ई–मेल का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

1. वर्तमान धारित पद पर नियुक्ति, पदोन्नति तथा महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।
2. प्रभारी प्राचार्य होने की स्थिति में इसका स्पष्ट उल्लेख करें।
3. नियमित प्राचार्य उल्लेख करें कि उनके विरूद्ध कोई शिकायत, विभागीय जांच अथवा न्यायालयीन प्रकरण तो लंबित नहीं है।

प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील